भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3086

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

हुगली नदी में अंडरवाटर रोड-टनल

3086. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोलकाता पत्तन के यातायात को सुगम बनाने और कोना एक्सप्रेसवे तथा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क तक सीधी पहुंच प्रदान करने के लिए पीएम गति शक्ति पहल के अंतर्गत परिकल्पित, हुगली नदी के नीचे कोलकाता के मटिया बुर्ज को हावड़ा के शालीमार/बी. गार्डन क्षेत्र से जोड़ने वाली लगभग आठ किलोमीटर लंबी माल ढुलाई गलियारा वाली प्रस्तावित अंडरवाटर रोड-टनल, जो लगभग नदी के 800 मीटर नीचे होगी, की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या कोलकाता पत्तन द्वारा आरंभ किया गया व्यवहार्यता अध्ययन पूरा हो चुका है और यदि हाँ, तो अनुमानित परियोजना लागत, लेनों की संख्या और प्रस्तावित निर्माण पद्धति सहित इसके निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) क्या पर्यावरण मंजूरी, नदी के नीचे निर्माण के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की मंजूरी और भूमि तथा पहुंच सड़क संपर्क के लिए पश्चिम बंगाल राज्य सरकार की सहमति सहित सभी आवश्यक मंजूरियाँ प्राप्त कर ली गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रत्येक मंजूरी की स्थिति क्या है; और

(घ) डीपीआर तैयार करने का वर्तमान चरण, इसे क्रियान्वित करने के लिए उत्तरदायी एजेंसी और परियोजना के आरंभ होने तथा पूरा होने की संशोधित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) परियोजना के लिए संरेखण विकल्प अध्ययन और आरेखण शुरूआत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट अथॉरिटी (एसएमपीए), कोलकाता द्वारा प्रस्तुत की गई थी। तत्पश्चात्, एसएमपीए द्वारा तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर संरेखण को संरेखण अनुमोदन समिति द्वारा दिनांक 03.04.2026 को अनुमोदित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, एसएमपीए के अनुरोध के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रारंभ करने के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इस चरण पर लेन की आवश्यकता, परियोजना लागत, निर्माण कार्य पद्धति मंजूरी आदि इंगित करना जल्दबाजी होगी।

*****